जयपुर के बाजारों की तंग गलियों में बन गए बहुमंजिला कॉम्पलेक्स, सड़कों का गला घोंटा!

जयपुर चारदीवारी के भीतर तथा एम.आई. रोड पर अजमेरी गेट से लेकर खासाकोठी तक मुख्य सड़क से जुड़ने वाले बाजारों में दिन के समय में वाहन निकलना तो दूर, पैदल आने-जाने की जगह भी नहीं बचती

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। गुलाबी नगरी के बाजारों में विगत वर्षों में इमारतें तो बहुमंजिला होती गईं, लेकिन उनके सामने की सड़क व आवाजाही का रास्ता संकरा होता गया। सरकारी कागजों में जो सड़कें 30-40 फीट चौड़ी हैं, वहां सिर्फ आज संकरी गलिया हैं। चाहे चारदीवारी के भीतर जयंती मार्केट, इंदिरा बाजार, संजय बाजार, बापू बाजार हों, या फिर एम.आई. रोड पर अजमेरी गेट से लेकर खासा कोठी तक मुख्य सड़क से जुड़ने वाले बाजार व गलियां व जालूपुरा का क्षेत्र। यहां दिन के समय में गाड़ियों से गुजरना तो दूर, पैदल निकलना भी दूभर है।

जयपुर शहर में जो दुकानें कभी एक छत की हुआ करती थी, वहां जेडीए व नगर निगम की बिना अनुमति व सांठगांठ से विगत वर्षों में जीरो सेटबैक पर बहुमंजिला कॉम्पलेक्स खड़े हो गए। नतीजन मुख्य सड़क व फुटपाथ घटते रहे। इन बाजारों में वाहन पार्किंग की जगह छोड़ना तो दूर दुकानदारों ने अपना सामान भी मुख्य सड़क और फुटपाथ पर रखकर कब्जा जमा रखा है। हालात ऐसे हैं कि आगजनी अथवा अन्य किसी अप्रिय घटना के भय से यहां जान-माल का नुकसान होने का खतरा हमेशा बना रहता है, परंतु जेडीए व नगर निगम प्रशासन लीपापोती में जुटे हैं।

पिछले दिनों त्रिपोलिया बाजार के मणिहारों का कटला स्थित 3 मंजिला सेठी कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग ने इस खतरे की तस्वीर सामने ला दी है। यहां दूसरी मंजिल पर बने चूड़ी के गोदाम में लगी आग ने अन्य 25 दुकानों को स्वाहा कर दिया। यहां करीब 25-30 दमकल और 50-60 कर्मचारी कई घंटे तक आग पर काबू पाने में जुटे रहे। इमारत में पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं होने के कारण दमकलकर्मियों को अंदर पहुंचने में परेशानी हुई और आग बुझाने के लिए कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ करनी पड़ी। यानी कि खतरा केवल आग से नहीं था-इमारत के भीतर पहुंचना भी एक चुनौती था। यहां आग लगी तो 2 दिन तक नगर निगम प्रशासन हरकत में आया, नोटिस थमाए, फायर एनओसी चैक की....आखिरकार सिस्टम की नाकामी का ठीकरा फायर ऑफिसर के माथे फोड़कर उसे निलंबित कर दिया।

परंतु सवाल यह है कि, जयपुर में बाजारों में एक मंजिला दुकानों को तोड़कर आज वहां रातोंरात बहुमंजिला कॉम्पलेक्स खड़े हो रहे हैं, उसके जिम्मेदार कौन है? यहां ना आवाजाही का रास्ता है और ना ही दुर्घटना की स्थिति में बचाव का कोई इंतजाम। जिन मकान दुकानों की नींव भी कम हैं, वहां मौका पाकर मंजिल-दर-मंजिल ऊंचाई बढ़ाई जा रही है।

ऐसा नहीं है कि नगर निगम प्रशासन को इसकी भनक नहीं, लेकिन सिर्फ नोटिस देकर लीपापोती की जाती है और नोटिस की आड़ में बिल्डिंगें बनकर तैयार हो रही है। यह सवाल अब केवल कागजों या नक्शों तक सीमित नहीं है। हाल ही के अग्निकांडों ने दिखाया है कि घनी बस्ती और संकरे रास्तों में आग लगने के बाद दमकलकर्मियों के सामने आग बुझाने के साथ-साथ इमारत तक पहुंचने, अंदर जाने, लोगों को निकालने और आसपास की दुकानों को बचाने की चुनौती रही है।

दिल्ली के कोचिंग संस्थान में अग्निकांड के बाद जयपुर के कोचिंग सेंटर्स को जेडीए व नगर निगम प्रशासन ने नोटिस तो थमाए, कुछ जगहों पर सीलिंग की कार्रवाई भी की, लेकिन वहां भी प्राय: यही देखने को मिला कि कोचिंग सेंटर्स में छात्रों की आवाजाही की पर्याप्त जगह ही नहीं है। आगजनी अथवा अन्य किसी अप्रिय घटना के समय सुरक्षित निकासी का कोई इंतजाम ही नहीं मिला। इस अग्निकांड के बाद 2-4 दिन तो निगम प्रशासन एक्टिव रहा, परंतु उसके बाद पुन: सुस्त अवस्था में जा पहुंचा।

देखा जाए तो वर्तमान में नगर निगम और जेडीए के पास ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं है, जिससे यह जांच हो सके कि किस आवासीय-कमर्शियल भूखंड पर तय सेटबैक, सुरक्षित प्रवेश-निकासी का इंतजाम है या नहीं।

अगर कहीं शिकायत आती है तो प्रवर्तन शाखा भी उस पर "पिक एंड चूज" की नीति से काम करती है। वर्तमान में जयपुर के प्रमुख बाजारों और रिहायशी इलाकों में मुख्य सड़कें मास्टर प्लान व सेक्टर प्लान में दर्शायी गई स्थिति से आधी भी नहीं है।

बाजारों में लगने वाले अवैध थड़ी ठेले, दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर किए गए अतिक्रमणों को रोकने वाला कोई नहीं है। जेडीए और नगर निगम प्रशासन जो कार्रवाई करता भी है तो वह मुख्य सड़कों पर अस्थायी अतिक्रमणों पर करता है, बाजारों के भीतर आवाजाही का रास्ता राम भरोसे है।



जयपुर चारदीवारी के भीतर बाजारों की तंग गलियों में कभी एक-दो मंजिल की दुकान-मकान हुआ करते थे, लेकिन आज यहां हैरिटेज इमारतों को तोड़कर बहुमंजिला कॉम्पलेक्स खड़े हो गए हैं।

- जयपुर के इन प्रमुख बाजारों में कभी एक-दो मंजिला दुकानें व इमारतें थीं, लेकिन आज जेडीए व नगर निगम की अनदेखी व सांठगांठ से बहुमंजिला कॉम्पलेक्स खड़े हो गए, इसके बावजूद प्रशासन यहां कार्रवाई की जहमत तक नहीं उठाता।
- पिछले दिनों त्रिपोलिया बाजारों में मणिहारों के कटले में लगी आग से 25 दुकानें जलकर स्वाहा हो गयी, इन बाजारों में भयावह स्थिति यह थी कि अग्निशमन टीम आग बुझाने से ज्यादा मशक्कत दुकानों तक पहुंचने में करनी पड़ी।
- ऐसे में सवाल उठता है कि, परकोटे और उसके बाहर के बाजारों में अवैध अतिक्रमणों से जिन सड़कों का गला घोंटा हुआ हैं, वहां जेडीए-नगर निगम प्रशासन राहत कब देगा, क्या कोई अनहोनी होने पर?

'विश्वेन्द्र सिंह द्वारा डोटासरा पर सवाल उठाना दिखाता है कि पार्टी में सब ठीक नहीं'

जयपुर (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह जैसे जिम्मेदार और स्पष्ट छवि वाले व्यक्ति ने अपनी ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर सवाल उठाए हैं तो इससे साफ है कि पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। इस मामले में "दाल में कुछ काला" नजर आता है।

गुरुवार को एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि कांग्रेस निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ होने का दावा कर रही थी, लेकिन भाजपा ने 70 प्रतिशत से अधिक निकायों में अपने चेयरमैन बनाने में सफलता हासिल की। शेखावत ने कहा, पंचायती राज चुनावों के परिणाम आने के बाद भी कांग्रेस इसी तरह की टिप्पणियां करेगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद कांग्रेस कभी ईवीएम को तो कभी प्रशासनिक व्यवस्थाओं को जिम्मेदार ठहरा सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता सब कुछ जानती है।

नाम परिवर्तन

मैने मेरा नाम आकांशा शर्मा से बदलकर आकांशा गौरव खोखर रख लिया है। भविष्य में मुझे ऐसी नाम से जाना व पहचाना जाएं। निवासी बी-305, शिव ऑफिसर्स कॉलोनी जगतपुरा जयपुर

खोया पाया

मेरे मकान 1/210 मालवीय नगर का मूल डिक्लेरेशन जयपुर में कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- सुनीता सनमुखानी 9799355558

मेरा मकान सं. 268/115 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल नो-ड्यूज, कब्जा पत्र, डिमांड लैटर, जमा रसीद आदि कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। ममता-9694245436

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य बनवारी लाल सामरिया पुत्र श्री रामचन्द्र सामरिया, निवासी- 191, गोटेवाले की बगीची, ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर (राज.) के स्वामित्व की कृषि भूमि 21.70 बीघा ग्राम बीलपुर, तहसील आमेर जिला जयपुर मे स्थित है जिसके बावत ग्रीनटेक इन्फाबिल्ड प्रा.लि. के डायरेक्टर निर्मल कुमार माथोगढिया द्वारा कूटरचित, फर्जी, तथाकथित मुख्त्यारआम दिनांक 12. 10.2021 बनाकर उक्त कृषि भूमि जो कि 90ए हो चुकी है, को खुर्द बुर्द करने पर आमादा है। उक्त तथाकथित मुख्त्यारआम के आधार पर निर्मल कुमार माथोगढिया ने अपनी पत्नि के नाम पर तीन विक्रय पत्र निष्पादित कर दिये है जिनको अवैध, विधि विरुद्ध, शुन्य, निष्प्रभावी घोषित करवाने का वाद न्यायालय मे विचाराधीन है। उक्त सूचना के माध्यम से उक्त तथाकथित फर्जी कूटरचित मुख्त्यारआम दिनांक 12.10. 2021 को मेरा अभिभाष्य निरस्त करते हुए अवैध, विधि विरुद्ध, शून्य व निष्प्रभावी घोषित करता है, सूचित रहे।
जयपुर (मनोज शर्मा) एडवोकेट
दिनांक:1/10/26 मो.-9413764409, 9887566756

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर
5 वी व 6ठी मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
Office website: www.rschf.com
क्रमांक-11/2/26 **आम सूचना** दिनांक-28/9/26
संघ की आवासीय योजना केसरीचन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर का भवन संख्या-4/63, संघ द्वारा श्रीमती वृन्दा माथुर को आवंटित कर वर्ष 1999 मे कन्वेन्स डीड एवं परप्यूचल लीज जारी कर रजिस्ट्री करवा दी गई थी, जिसकी श्रीमती वृन्दा माथुर द्वारा 04.10.2004 को मुख्यतारनामा आम (रजिस्टर्ड) श्री मदनचन्द्र भार्गव को की गई। श्री मदनचन्द्र भार्गव द्वारा बहैसियत मुख्यतारनाम श्रीमती वृन्दा माथुर के श्रीमती नीलम कपूर पत्नि श्री जितेन्द्र कपूर को दिनांक 29.12.2005 को विक्रय किया गया। तत्पश्चात् उक्त भवन को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.07.2026 द्वारा श्रीमती संगीता सिंह पत्नि श्री गौरव हाडिया द्वारा क्रय कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर स्वयं के नाम ट्रांसफर कराने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त भवन पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय मे 15 दिवस मे प्रमाण सहित प्रस्तुत करे, अन्यथा भवन संख्या-4/63, केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर को श्रीमती संगीता सिंह पत्नि श्री गौरव हाडिया के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।
(नवीन शर्मा) प्रबंध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि.जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य दया सिंह पुत्र श्री दिलीप सिंह, निवासी- ए-71, गली नम्बर-2, गुरु तेग बहादुर नगर, झालाना डूंगरी, जवाहर नगर, जयपुर, राज. 302004 की ओर से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अपने पुत्र बलविन्द्र सिंह पुत्र श्री दया सिंह जो कि मेरे अभिभाष्य के कहने मे नही है इसलिए मेरे अभिभाष्य अपने उक्त पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता है। आज के बाद मेरे अभिभाष्य के उपरोक्त पुत्र द्वारा किये गये किसी भी राशि का लेन-देन करने किसी भी प्रकार की घटना एवं वाद-विवाद उत्पन्न करने तथा संव्यवहार अन्य किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए जिम्मेदार व जवाब देह नही होंगे। सूचित रहे।
जयपुर (मनदीप सिंह चौहान) एडवोकेट
दिनांक-1/10/2026 मो.नं.- 9529846073

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक 3388 **आम जाहिर सूचना** दि.01.10.2026
राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या **14/MB/154** इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल **112.00** वर्ग मीटर का आवंटन श्री महबूब अली पुत्र श्री जहीर खाँ को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 450 दिनांक 19/04/2011 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास का मुखत्यारनामाआम श्री श्याम लाल पुत्र श्री गोपीराम को नियुक्त किया गया। उक्त मुखत्यारनामाआम कार्यालय उपपंजीयक जयपुर अष्टम् में दिनांक 28/10/2014 को पंजीबद्ध है। तत्पश्चात श्री श्याम लाल पुत्र श्री गोपीराम के द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 11/09/2015 को करवाया गया। पंजीयन उपरान्त मुखत्यारनामाआम धारक श्री श्याम लाल पुत्र श्री गोपीराम के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री बाबूलाल मीना पुत्र श्री जगदीश प्रसाद मीना को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 06/10/2015 को करवाया गया। श्री बाबूलाल मीना पुत्र श्री जगदीश प्रसाद मीना के द्वारा आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेती का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया हैं। अत: नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री बाबूलाल मीना पुत्र श्री जगदीश प्रसाद मीना का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा। सम्पदा प्रबंधक- राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय, जयपुर।

उत्तर पश्चिम रेलवे
संख्या: डबलू/118/निविदा/वमई(सम0) जयपुर/इन्जीनिरिंग दिनांक 30.09.2026
सूचना पत्र
इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित खुली निविदा सूचना संख्या ड्बलू/118/ निविदा/ वमई(सम.) जयपुर/इंजीनिरिंग दिनांक 21.09.2026 के तहत निविदा संख्या इंजी./ जय/2026-27/108, 109, 110 एवं 111 जो कि दिनांक 10.10.2026 को खोली जानी थी, वह अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दी गई है।
मंडल रेल प्रबंधक (इन्जीनिरिंग) जयपुर कृते भारतीय संघ के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से
1414-PH/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



राजसमंद के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल सिंह ईडवा ने गुरुवार को कर्तव्य भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान राजस्थान की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों, विकास परियोजनाओं तथा विभिन्न जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

चोर को सब नजर आते हैं चोर : राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने ब्यावर, भीलवाड़ा प्रवास के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चोर को सब नजर आते हैं चोर, जो जैसा होता है, उसको वैसा ही सब नजर आता है। कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता पहचान चुकी है। एक ओर जीत का श्रेय ले रहे है तो दूसरी ओर संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाकर उन्हें कमजोर करने का षडयंत्र रच रहे है। प्रदेश के 309 निकाय चुनावों में से कांग्रेस 100 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई। यह स्थिति कांग्रेस के संगठन, नेतृत्व और जनता के बीच उसके प्रभाव पर गंभीर सवाल खड़े करती है। कांग्रेस को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपनी राजनीतिक स्थिति और संगठन की कमजोरी पर आत्ममंथन करना चाहिए।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 728/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री कृष्ण कुमार मीणा, निवासी, ग्राम जवाहर (जटवाडा), दोपुर, बस्सी, जयपुर जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास उज्जवल शिक्षा एंड सेवा ट्रस्ट, ग्राम दोपुर, ग्राम जवाहर (जटवाडा), दोपुर, बस्सी, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 14.10.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
डी.आर.एम/बिजली, उ.प.र. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आंमत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** GSUELECTG-10R4/2025-26, **कार्य का विवरण:** Electrical work in connection with (a) provision of new FOB at Jalsu, Gachhipura, Marwar Lohawat, Deshnok stations. (b) Provision of customer facilities at Goods shed of Kairla Station. **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 8713774.59; **निविदा संख्या:** 21R1/ 2026-27, **कार्य का विवरण:** Electrical work in connection with (A) provision of new station building with - (i) booking office, waiting hall, 02 nos waiting room, retiring room at Makrana (NSG-4) category station, (ii) booking office, waiting hall, waiting room at NAWA city station (NSG-5) category station, (iii) provision of second entry with - booking office, waiting hall at RKB station (NSG-5) (B) Electrical work in connection with provision of new additional high level full length platform no.2 with 03 seater benches, water booths, 03 bay platform shelters & pathway for inter platform movement of wheel chairs at Marwar Lohawat, Tivari, Marwar Mathania (03) stations in the section of Sr.DEN/Central. **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 14270707.68; **निविदा संख्या:** 25/2026-27, **कार्य का विवरण:** (i) Electrical work in connection with Extension of Sick line Shed at Coach Care Complex Jodhpur (ii) Electrical work in connection with Essential infrastructure facilities required for C&W at Merta Road (iii) Electrical work in connection with provision of new drop pit table with development of under frame related infrastructure in BGKT diesel shed. **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 8436883.96; **1.** सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in **2.** ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय: **21.10.2026 को 15.00 बजे तक, 3.** ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: **21.10.2026 को 15.00 बजे के बाद।** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।
1407-PH/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
सं: ईएल/टीआरडी/जेपी/निविदा सूचना/ 26-27/09 दिनांक: 29.09.2026
खुली ई-निविदा सूचना
व.मं.बि.इंजी.(टीआरडी एण्ड जीएसयू), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **क्र.सं. 1, एनआईटी संख्या:** जीएसयू-ईएल-टीआरडी-जेपी-2026-27-05, **कार्य का नाम:** ओएचई वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड प्लेटफॉर्म रेजिंग (पीएफ-1, 2) ऑफ रतन शहर, चिडावा, नूआं, बलवंतपुरा चेरासी, भावधरी, नारी खेतड़ी स्टेशन; प्लेटफॉर्म एक्सटेन्शन एट चिड़ावा स्टेशन एण्ड फुट ओवर ब्रिज (6 मी. वाईड) एट रतन शहर स्टेशन ऑफ जयपुर डिवीजन। **अनुमानित लागत (₹):** 30,32,140.11, **बिड सिक्युरिटी राशि (₹):** 60,700.00, **निविदा खोलने की तिथि:** 22.10.2026; **क्र.सं. 2, एनआईटी संख्या:** जीएसयू- ईएल-टीआरडी-जेपी-2026-27-06, **कार्य का नाम:** ओएचई वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड प्लेटफॉर्म रेजिंग (पीएफ-1, 2) एण्ड फुट ओवर ब्रिज (6 मी. वाईड) एट सूरजगढ़, नवलगढ़, डूंडलोद मुकुन्दगढ़ स्टेशन; प्लेटफॉर्म एक्सटेन्शन एट झुन्झुनु स्टेशन इन सीकर-लोहारु सेक्शन ऑफ जयपुर डिवीजन। **अनुमानित लागत (₹):** 50,41,136.87, **बिड सिक्युरिटी राशि (₹):** 1,00,800.00, **निविदा खोलने की तिथि:** 28.10.2026; **क्र.सं. 3, एनआईटी संख्या:** जीएसयू-ईएल-टीआरडी-जेपी-2026-27-07, **कार्य का नाम:** ओएचई वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड प्लेटफॉर्म रेजिंग (पीएफ-1, 2) ऑफ लक्ष्मणगढ़ सीकर, बिसाऊ, रामगढ़ शेखावाटी, महेनसर स्टेशन; प्लेटफॉर्म एक्सटेन्शन एट लक्ष्मणगढ़ सीकर, फतेहपुर शेखावाटी स्टेशन एण्ड फुट ओवर ब्रिज (6 मी. वाईड) एट लक्ष्मणगढ़ सीकर, बिसाऊ, रामगढ़ शेखावाटी स्टेशन ऑफ जयपुर डिवीजन। **अनुमानित लागत (₹):** 52,16,306.84, **बिड सिक्युरिटी राशि (₹):** 1,04,300.00, **निविदा खोलने की तिथि:** 06.11.2026; नोट: **ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक, **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00बजे बाद, **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in
1405-PH/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
(प्रशिक्षण प्रभाग)
कर्तव्य भवन 3, नई दिल्ली 110001

भर्ती सूचना

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ रूरल डेवलपमेंट एंड पंचायती राज (NIRD&PR), हैदराबाद एक ऑटोनॉमस ऑर्गनाइज़ेशन है जो मिनिस्ट्री ऑफ़ रूरल डेवलपमेंट के एडमिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल में है। NIRD & PR रूरल डेवलपमेंट में ट्रेनिंग, रिसर्च, एक्शन रिसर्च और कंसल्टेंसी के काम करता है। यह एक इंटर-डिसिप्लिनरी एकेडमिक माहौल देता है, जिसे बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टेट ऑफ़ आर्ट रिसर्च और कंप्यूटर सुविधाओं का सपोर्ट मिलता है। ग्रामीण विकास विभाग, NIRD&PR, हैदराबाद में रजिस्ट्रार और डायरेक्टर (एडमिनिस्ट्रेशन) के पद के लिए तय फ़ॉर्मेट में आवेदन मंगा रहा है।

1	वेतन बैंड और ग्रेड वेतन (6वां सीपीसी)	Rs. 37400-67000+G.P.Rs. 8700 (6th CPC के अनुसार)
2	भर्ती की विधि	प्रतिनियुक्ति के आधार पर
3	कार्यकाल	तीन साल
4	आयु सीमा	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष

तय फ़ॉर्मेट में एप्लीकेशन कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी/डिपार्टमेंट् के ज़रिए डिप्टी सेक्रेटरी (ट्रेनिंग), डिपार्टमेंट ऑफ़ रूरल डेवलपमेंट, 5B, सेकंड फ़्लोर, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेजें। क्वालिफिकेशन और एक्सपीरियंस की जानकारी और एप्लीकेशन फ़ॉर्म https://www.dord.gov.in/ या www.nird.org.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
आखिरी तारीख: 31 अक्टूबर, 2026 **(जयंती कनौजिया)**
CBC 35101/11/0011/2627 **भारत सरकार के अवर सचिव**

कार्यालय नगरपरिषद् कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)
Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in munibkcity@gmail.com Phone No. 01586-220022
क्रमांक :-न.प.कु./2026-27/4417 दिनांक :- 01.10.2026

आम-सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता के संज्ञान में आया है कि शहर में विभिन्न आवासीय कॉलोनियों में क्रेताओं द्वारा भूखण्ड क्रय किये जाकर बिना निर्माण/बिना चारदीवारी खुले छोड़ दिये जाते है। उक्त भूखण्डों की देखरेख के अभाव में जिनमें गन्दगी व्याप्त होती है, साथ ही झाड़िया इत्यादि पनपने लगती है, जो शहर में अस्वच्छता के साथ-साथ बीमारियों का भी एक प्रमुख कारण है। इस सम्बन्ध में प्रतिदिन नगरपरिषद् कार्यालय में शिकायतें प्राप्त होती है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस आम-सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर खुले पड़े भूखण्डों में साफ-सफाई करवाने के साथ ही निर्माण एवं चारदीवारी करवाना सुनिश्चित करें एवं भूखण्डों को स्वच्छ रखें, अन्यथा बाद गुजरने मयाद नगरपरिषद् प्रशासन द्वारा सफाई कार्य करवाया जाकर हर्जा-खर्चा वसूल किया जायेगा एवं राज. नगरपालिका अधिनियम-2009 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् सम्बन्धितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

-Sd-
(महेश रामचन्द्रका) सभापति नगरपरिषद् कुचामन सिटी
(शिकेश कांकरिया) आयुक्त नगरपरिषद् कुचामन सिटी

कार्यालय नगरपरिषद् कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)
Email: eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in munibkcity@gmail.com Phone No. 01586-220022
क्रमांक :- न.प.कु./2026-27/4429 दिनांक :-01.10.2026

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर के निर्देशानुसार नगरपरिषद् कुचामन सिटी क्षेत्र में अवस्थित समस्त होटलों, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेन्ट्स, मैरिज गार्डन्स, मल्टीप्लेक्स, कोचिंग संस्थानों, पेइंग गेस्ट, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य उच्च जोखिम वाले प्रतिष्ठानों में फायर एनओसी होना तथा अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुसार उपकरण होने अनिवार्य है, परन्तु शहर में अधिकांश संस्थानों/प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुसार प्रबन्ध नहीं किये गये है, जिससे किसी भी सम्भावित आगजनी की घटना के दौरान जन-माल की हानि से नकारा नहीं जा सकता।

अतः समस्त प्रतिष्ठान/संस्थानों के संचालकों/मालिकों एवं अन्य समस्त व्यावसायिक/गैर-आवासीय प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि 07 दिवस में अनिवार्य रूप से अपने संस्थान/प्रतिष्ठान में नियमानुसार पर्याप्त अग्नि सुरक्षा मानकों अनुसार अग्निशमन व्यवस्था का प्रबन्ध करें एवं नियमानुसार नगरपरिषद् से फायर एनओसी प्राप्त करना सुनिश्चित करें अन्यथा राज. नगरपालिका अधिनियम-2009 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् सम्बन्धितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

-Sd-
(महेश रामचन्द्रका) सभापति नगरपरिषद् कुचामन सिटी
(शिकेश कांकरिया) आयुक्त नगरपरिषद् कुचामन सिटी

कार्यालय नगरपरिषद् कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)
Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in munibkcity@gmail.com Phone No. 01586-220022
क्रमांक :-न.प.कु./2026-27/4423 दिनांक :- 01.10.2026

आम-सूचना

प्रायः देखा गया है कि शहर में विभिन्न मुख्य मार्गों, बाजारों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थानों पर मार्गाधिकार में हाथ ठेलो, फल-सब्जी विक्रेताओं, रेहड़ी-पटरीवालों एवं अनाधिकृत विक्रेताओं द्वारा स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे आमजन, राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सम्बन्ध में प्रतिदिन नगरपरिषद् कार्यालय में शिकायतें प्राप्त होती है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस आम-सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर-भीतर शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के बाहर एवं सार्वजनिक स्थानों पर मार्गाधिकार में हाथ ठेलो, फल-सब्जी विक्रेताओं, रेहड़ी-पटरीवालों एवं अनाधिकृत विक्रेताओं द्वारा किये गये स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण अपने-अपने स्तर पर हटवा लेवें अन्यथा बाद गुजरने मयाद नगरपरिषद् प्रशासन द्वारा हटवाने की कार्यवाही की जायेगी एवं राज. नगरपालिका अधिनियम-2009 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् सम्बन्धितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

-Sd-
(महेश रामचन्द्रका) सभापति नगरपरिषद् कुचामन सिटी
(शिकेश कांकरिया) आयुक्त नगरपरिषद् कुचामन सिटी

